प्रेषक, **महत्वपूर्ण / समयबद्ध**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

अध्यक्ष / सचिव,
सत्र 2024–25 हेतु परिषद से अनापत्ति निर्गत
किये जाने हेतु नव–आवेदित संस्थान।

पत्रांकः–प्राशिप / परिषद / 2024 / 8559 **लखनऊःदिनांक–** 05-02-2024

विषयः–सत्र 2024–25 हेतु परिषद से अनापत्ति निर्गत किये जाने हेतु यू0राईज पोर्टल के माध्यम से किये गये आवेदन के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद के पत्र संख्या प्राशिप / परिषद / 2024 / 8174 दिनांक 25–01–2024 एवं प्राशिप / परिषद / 2024 / 8244 दिनांक 30–01–2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सत्र 2024–25 हेतु एन0ओ0सी0 हेतु आवेदित आवेदनपत्रों की स्कूटनी पश्चात् परिलक्षित ई0मेल0 के माध्यम से प्रेषित निम्न कमियों का निर्धारित अवधि में निराकरण कराये जाने के निर्देश दिये गये थेः–

1. अभिलेख अपठनीय है।
2. वांछित अभिलेख संलग्न नहीं है।
3. सक्षम प्राधिकारी (विकास प्राधिकरण / नगर निगम / जिलापंचायत) द्वारा मानचित्र स्वीकृत नहीं है अथवा प्रमाण पत्र स्वीकृत नहीं है।
4. जी0पी0एस0 कैमरा से इंस्टीट्यूट की फोटो जिसमें, Longitute एवं Latitude प्रदर्शित नहीं हो रहा है।
5. खाताधारक का नाम जिसके द्वारा भुगतान किया गया है, की त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि की गयी है, जिससे भुगतान की पुष्टि संभव नहीं हो पा रही है।

कतिपय संस्थानों द्वारा उपरोक्तानुसार कमियों के निराकरण के पश्चात् आवेदन पत्र अंतिम रूप से **SUBMIT** नहीं किया गया है, जिससे आवेदन की प्रकिया पूर्ण नहीं हो सकी है। उक्त के दृष्टिगत ऐसे संस्थानों को पुनः एवं अंतिम अवसर प्रदान करते हुए **दिनांक 07–02–2024 के मध्य रात्रि 12.00 बजे तक** पोर्टल खोला जा रहा है। आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि **दिनांक 07–02–2024** तक आवेदन पत्र अंतिम रूप से **SUBMIT** करना सुनिश्चित करें। अन्यथा कि स्थिति में आपके द्वारा एन0ओ0सी0 हेतु किए गए ऑनलाइन आवेदन को निरस्त कर दिया जाएगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व स्वयं आपका होगा।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप / परिषद / 2024 / 8560 **तद्दिनांक–** 05-02-2024

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को प्रमुख सचिव के अवलोकनार्थ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

E:\NOC SCRUTINY 24-25.docx